अवैध कारोबार | प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

# सकरिया और बोचकी में फिर शुरू हुआ अवैध रेत कारोबार

**नवभारत,गोहपारू ।** शहडोल जिले के गोहपारू क्षेत्र अंतर्गत सकरिया एवं बोचकी गांवों में एक बार फिर अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का कारोबार तेजी से शुरू हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि रात के समय ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और अन्य वाहनों के माध्यम से नदी घाटों से रेत का अवैध खनन किया जा रहा है, जिससे होने के साथ-साथ पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित विभागों और प्रशासन को इसकी जानकारी दी गई, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। आरोप है कि अवैध रेत कारोबारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे बिना किसी भय के लगातार खनन और परिवहन कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन, खनिज विभाग एवं पुलिस प्रशासन से सकरिया और बोचकी क्षेत्र में चल रहे अवैध रेत उत्खनन पर तत्काल रोक लगाने तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो नदी तटों का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है।

## तीन वर्षों से फरार स्थायी वारंटी पुलिस के शिकंजे में

**नवभारत,धनपुरी।** जिले में फरार आरोपियों एवं स्थायी वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना धनपुरी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस टीम ने तीन वर्षों से फरार चल रहे दो स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना धनपुरी क्षेत्र के लंबे समय से फरार स्थायी वारंटियों की लगातार तलाश की जा रही थी। इसी अभियान के दौरान पुलिस ने प्रकरण क्रमांक 175/2016 में धारा 307 एवं 302 के तहत वांछित स्थायी वारंटी राहुल कोल पिता सिपाही कोल, निवासी झिल्ली दफाई धनपुरी तथा श्यामलाल पाल उर्फ छोटू पाल पिता स्वर्गीय प्रेमलाल पाल, निवासी पुलिस चौकी के पास, धनपुरी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार दोनों वारंटियों को सोमवार, 22 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय शहडोल के समक्ष पेश किया गया, जहां आगे की वैधानिक कार्यवाही की गई।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस सफल कार्यवाही में थाना प्रभारी धनपुरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सक्रिय एवं प्रभावी भूमिका निभाई। अभियान को सफल बनाने में उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिंह, महिला प्रधान आरक्षक सुषमा गौतम तथा आरक्षक बीरेन्द्र मौर्य का विशेष योगदान रहा। पुलिस की इस कार्यवाही से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने तथा फरार अपराधियों पर शिकंजा कसने की दिशा में महत्वपूर्ण संदेश गया है।

### एक नजर में

## मिनी ब्राजील विचारपुर में फीफा वर्ल्ड कप का रोमांच खिलाड़ियों के लिए एलईडी पर लाइव प्रसारण

**नवभारत,शहडोल ।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के प्रयासों से मिनी ब्राजील के नाम से प्रसिद्ध ग्राम विचारपुर के फुटबॉल खिलाड़ियों को फीफा वर्ल्ड कप प्रतियोगिता का लाइव आनंद दिलाने के लिए एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था की गई है। सहायक संचालक रईस अहमद ने बताया कि 11 जून से प्रारंभ हुई प्रतियोगिता के लाइव प्रसारण से खिलाड़ियों को खेल की बारीकियां, रणनीतियां और आधुनिक कोचिंग तकनीकों को समझने में मदद मिलेगी। इससे ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि एलईडी के माध्यम से खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय फुटबॉल मुकाबले देखने का अवसर मिलेगा, जिससे उनके खेल कौशल में और निखार आएगा। इस अवसर पर रिलायंस फाउंडेशन के राजीव श्रीवास्तव, फुटबॉल खिलाड़ी, कोच तथा अन्य खेल प्रेमियों ने 21 जून को खेले गए मुकाबले का लाइव प्रसारण देखा और उसका आनंद लिया।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाक कर्मचारियों का सम्मान, अधीक्षक ने बांटे प्रशस्ति पत्र

**नवभारत,शहडोल।** विश्व योग दिवस के अवसर पर शहडोल प्रधान डाकघर में अधीक्षक डाकघर पुष्पेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहडोल डाक संभाग के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में विभिन्न डाकघरों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पारितोषिक एवं प्रशस्ति प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। डाक जीवन बीमा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शहडोल डाक संभाग में प्रथम पुरस्कार पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, उप डाकपाल, शहडोल कलेक्ट्रेट उप डाकघर तथा द्वितीय पुरस्कार श्री अतुल मिश्रा, उप डाकपाल, बुढ़ार उप डाकघर को प्रदान किया गया। इस अवसर पर अधीक्षक डाकघर श्री पुष्पेन्द्र सिंह ने कर्मचारियों को विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर समर्पण और उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रेरित करते हुए सम्मानित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। यह जानकारी विकास अधिकारी मनोज यादव ने दी।

## पत्रकारों पर झूठी शिकायतों को लेकर महासंघ ने जताई नाराजगी

### निष्पक्ष जांच की मांग

**नवभारत,शहडोल।** भारतीय श्रमजीवी पत्रकार महासंघ, जिला इकाई शहडोल ने पत्रकारों के विरुद्ध कथित रूप से झूठी एवं भ्रामक शिकायतें कर उनकी छवि धूमिल किए जाने के प्रयासों पर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। महासंघ के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र तिवारी ने ज्ञापन में कहा कि वरिष्ठ पत्रकार एवं ब्लॉक महासचिव रामराज गुप्ता तथा संभागीय उपाध्यक्ष निलेश सोनी के विरुद्ध की गई शिकायतें प्रथम दृष्टया तथ्यहीन प्रतीत होती हैं। संगठन का आरोप है कि बातचीत के ऑडियो को संपादित कर सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया तथा बिना पर्याप्त आधार के शिकायतें दर्ज कर पत्रकारों की सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया है। महासंघ ने वायरल ऑडियो की तकनीकी एवं फॉरेंसिक जांच कराने, मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने तथा शिकायत मिथ्या पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने कहा कि पत्रकारों की गरिमा, सुरक्षा एवं स्वतंत्र पत्रकारिता की रक्षा के लिए वह सदैव प्रतिबद्ध रहेगा।

## 24 को होगी जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की प्रथम बैठक

**नवभारत,शहडोल ।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) के द्वितीय वर्ष 2026-27 की प्रथम बैठक का आयोजन 24 जून 2026 को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार, शहडोल में किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता शहडोल लोकसभा क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह करेंगी। बैठक में वर्ष 2026 तक प्राप्त विभिन्न विभागों के आवंटन, व्यय की स्थिति तथा पूर्ण एवं अपूर्ण कार्यों की भौतिक प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी।

## राजस्व महकमे की मिलीभगत से शासकीय जमीनों पर हो रहा अतिक्रमण : श्रीवास्तव

**नवभारत ,बुढ़ार।** तहसील के अंतर्गत आने वाली शासकीय जमीनों पर बड़े पैमाने पर भू माफियाओं के द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है, पर अत्यधिक हैरानी की बात ये है कि वर्तमान में कहीं दूर नहीं बल्कि खुद तहसील बुढ़ार की ही शासकीय ज़मीन पर भू माफियाओं के द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है , और इससे भी कहीं अधिक हैरानी की बात यह है कि बुढ़ार तहसील की जिस ज़मीन को कुछ वर्ष पूर्व तत्कालीन कलेक्टर सतेन्द्र सिंह द्वारा खुद जेसीबी चलवा कर अतिक्रमण मुक्त करवाया गया था, आज उनके जाने के कुछ वर्षों बाद ठीक उन्ही जमीनों पर फिर अतिक्रमण किया जा रहा है और कोई रोकने या बोलने वाला नहीं है।

तहसील बुढ़ार के पास स्थित एक स्कूल की जो ज़मीन एव तहसील के ठीक पीछे स्थित जो जमीनें तत्कालीन कलेक्टर सतेन्द्र सिंह के द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराई गई थी आज उन्ही जमीनों पर तेजी

से बाउंड्रीवाल निर्माण का कार्य किया जा रहा है। उक्त मामले का तुरंत संज्ञान लेने, उक्त निर्माण कार्य को तत्काल रोके जाने एव पूरे मामले में हल्का पटवारी धनपुरी, राजस्व निरीक्षक धनपुरी एव तहसीलदार बुढ़ार - धनपुरी की भी भूमिका की जांच की जानी आवश्यक है , जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। इस संबंध में शिकायत कर समाजसेवी शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने माँग की है कि राजस्व अमले की मिलीभगत से तहसील बुढ़ार की शासकीय जमीनों पर हो रहे अतिक्रमण को तत्काल रोका जाये एव शासकीय जमीनों को तुरंत अतिक्रमण मुक्त कराया जाये , साथ ही एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन कर मामले में तहसील बुढ़ार के अधिकारियों एव कर्मचारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कराई जाये।

## सांदीपनी विद्यालय मऊ में हुआ योग दिवस पर कार्यक्रम

**नवभारत,ब्यौहारी ।** ब्यौहारी विकासखंड के अंतर्गत मऊ मेंशासन के निर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ्य आयु के लिए योग। पर आधारित योग अभ्यास पल प्रतिपल कार्यक्रम शास सांदीपनि उच्च माध्य विद्या मऊ में सीधा प्रसारण के माध्यम से प्रांतीय एडवांस योग प्रशिक्षित शिक्षक विजय कुमार निगम द्वारा प्रातः 6 बजे से कराया गया। विद्यालय के प्राचार्य प्रेमलाल मिश्र ने योग के महत्व एवं वर्तमान में योग की आवश्यकता को बताया। कार्यक्रम में खामडॉड ग्राम पंचायत की सरपंच राजकुमारी खैरवार, पूर्व सरपंच मऊ एवं अधिवक्ता द्वारिका राठौर, प्रेमदास चतुर्वेदी अधिवक्ता, अभिभावक गण, शिक्षक समुदाय में लवकेश रौतेल, जितेंद्र त्रिपाठी,भृगमुनि राठोर, शांति सिंह, आर. सी . साकेत , राम नरेश पनिका,राजीव मिश्रा,सरोज पाण्डेय तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहकर योग अभ्यास किया।

# आम के पेड़ से टकरा रहे बिजली के तार

### हरिओम कॉलोनी में हादसे का खतरा

**नवभारत,ब्यौहारी।** नगर परिषद क्षेत्र के न्यू बरौंधा मोड़ स्थित हरिओम कॉलोनी में बिजली विभाग की लापरवाही से बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। कॉलोनी में लगे एक आम के पेड़ की शाखाएं बिजली के तीनों फेस के तारों से सट गई हैं, जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कॉलोनी में छोटे-छोटे बच्चे प्रतिदिन खेलते हैं और बारिश का मौसम शुरू होने वाला है। ऐसे में तेज हवा या बारिश के दौरान पेड़ की डालियां तारों के संपर्क में आने से करंट फैलने या तार टूटने जैसी घटना हो सकती है। निवासियों का आरोप है कि इस संबंध में बिजली विभाग को कई बार सूचना दी जा चुकी है, लेकिन अब तक पेड़ों की छंटाई या समस्या के निराकरण के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई है। विभाग की उदासीनता से क्षेत्रवासियों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय नागरिकों ने जिला कलेक्टर से हस्तक्षेप कर शीघ्र पेड़ों की छंटाई कराने और संभावित हादसे को टालने के लिए आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

योग दिवस | विधायक शरद कोल ने किया पौधरोपण

# ब्यौहारी के सुंदी बाई स्कूल में विश्व योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत, ब्यौहारी ।** विश्व योग दिवस पर ब्यौहारी में भव्य कार्यक्रम सुंदी बाई हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया गया, कार्यक्रम आयुश विभाग, शिक्षा एवं उच्च शिक्षा, एवं नगर पालिका के सहयोग से आयोजित किया गया लोगों को योग सर्वप्रथम योग कराया गया फिर योग महत्व के बारे में बताया गया, विद्यालय प्रांगण पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत भारत द्वारा कदम का पौधा आरोपित किया गया योग ब्लॉक नोडल अधिकारी योगेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि नगर में सड़क बनने के कारण हजारों पेड़ काटे गए थे आज से नगर परिषद के अंतर्गत पौधारोपण का कार्यक्रम शुरू हो गया है और पूरे नगर में 15

पेड़ लगाए जाएंगे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक शरद कोल रहे, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्रह्मानंद श्रीवास्तव, मनोज केसरवानी, रवि द्विवेदी, पुष्पेंद्र पटेल, डॉ काजल गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, नीता साहू, जयप्रकाश गुप्ता, सुदामा गुप्ता, हीरालाल साहू, कमलेश मिश्रा, एजुकेट गर्ल संस्था से शेषमणि राठौर, राजेंद्र मिश्र, प्रोफेसर सुनील सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना वालंटियर एवं 5 की संख्या में महिला एवं पुरुष योग दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित हुये ।

# पेंशनर्स की 6 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**नवभारत,ब्यौहारी।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स संघ तहसील इकाई ब्यौहारी द्वारा पेंशनर्स की विभिन्न लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। संघ के पदाधिकारियों ने शासन से पेंशनर्स की समस्याओं का शीघ्र समाधान किए जाने की मांग की। संघ द्वारा 1 जून 226 को तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) को समाप्त करने, 32 माह एवं 27 माह के लंबित एरियर्स का भुगतान करने, 79 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पेंशनर्स की पेंशन में 2 प्रतिशत वृद्धि करने, सेवानिवृत्ति के बाद अर्जित अवकाश भुगतान की प्रक्रिया को सरल बनाने, मृत्यु उपरांत उपादान राशि का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने तथा आयुष्मान कार्ड एवं स्वास्थ्य बीमा योजना में पेंशनर्स के साथ हो रहे कथित भेदभाव को समाप्त करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई।

संघ पदाधिकारियों ने कहा कि राज्य शासन द्वारा लंबे समय से पेंशनर्स की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। कई बार ज्ञापन और निवेदन दिए जाने के बावजूद समस्याओं का निराकरण नहीं हो सका है, जिसके चलते पेंशनर्स को आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए विवश होना पड़ रहा है।कार्यक्रम की शुरुआत संघ के सचिव मंगलेश्वर सिंह द्वारा की गई। उन्होंने उपस्थित पेंशनर्स को कार्यक्रम के उद्देश्य की जानकारी दी, जिसके बाद ज्ञापन का वाचन कर तहसीलदार को सौंपा गया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष राम मित्र बैस, उपाध्यक्ष रामलाल पटेल, संरक्षक बृजवासी लाल गुप्ता, कैलाश हलवाई, रामावतार गुप्ता, रामनिरंजन सिंह, रामधेश पटेल, राजेश सिंह, वीरेंद्र पटेल, राजेश्वर प्रसाद शुक्ला, महेश प्रसाद पटेल, दिनेश पटेल, चंद्रिका प्रसाद मिश्रा, उमा प्रताप सिंह, कुंजकांत शर्मा, ठाकुरदास बागवानी, छोटेलाल बंजारा, शारदा कोल, दिलीप श्रीवास्तव, रामदयाल पटेल सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपाध्यक्ष रामलाल पटेल ने दूरदराज से पहुंचे सभी पेंशनर्स का आभार व्यक्त करते हुए प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्देशानुसार 3 जून को जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। इस दौरान स्वर्गीय हरिचरण सिंह, व्याख्याता के परिजन भी उपस्थित रहे।